3.2.25

Tender Heart High School, Sec. 33-B, CHD.

DATE
PAGE 1

कक्षा- सातवीं
शिक्षिका - सुमन शर्मा
विषय- हिंदी साहित्य (पुनरावृत्ति पाठ- 14, 15)

पुस्तक- नवतरंग- 7

सुप्रभात प्यारे बच्चो।

आज मैं आपको पाठ-14 'एक छोटी-सी बात' और पाठ-15 'सिंगापुर की यात्रा' की पुनरावृत्ति करने के लिए भेज रही हूँ। सब बच्चे इसके माध्यम से अपनी वार्षिक परीक्षा की तैयारी कर सकेंगे।

प्रश्न-1 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो:-

मैंने फुरती से कपड़े पहने और बिजली का भुगतान लेने वाले दफ़्तर में पहुँच गया। दफ़्तर खुला था, फ़र्राश किस्म का एक अदद इनसान फ़र्नीचर किस्म की चंद अदद चीज़ों को साफ़ कर रहा था और माली किस्म का जो इनसान था, वह एक झाड़ी से फूल किस्म की कोई चीज़ तोड़ रहा था। इन दो प्राणियों के अतिरिक्त दफ़्तर में और कोई नहीं था।

- एक छोटी-सी बात -
लेखक- रवींद्रनाथ त्यागी

(क) भोला बाबू पैसे लेने के लिए उत्सुक क्यों नहीं थे?
(ख) लेखक को बिजली कटने का भय क्यों लगता था?
(ग) भोला बाबू ने अपनी सुस्ती को छिपाने के लिए कौन-कौन सी बातें कहीं?
(घ) शब्दों के अर्थ लिखो:- फ़र्राश, अदद, दरार, बेसब्री



Scanned with CamScanner
Scanned with CamScanner

कक्षा - सातवीं शिक्षिका - सुमन शर्मा
विषय - हिंदी साहित्य (पुनरावृत्ति पाठ-14, 15)

प्रश्न- 2 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़ो तथा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो:-

वहीं सिंगापुर में इस बात पर सबसे अधिक ध्यान दिया जाता है कि बच्चों में नेतृत्व क्षमता, देश-प्रेम, नागरिकता आदि मूल्यों का विकास ज़रूर हो। सिंगापुर में इन मूल्यों का विकास करना बहुत अधिक आवश्यक है क्योंकि वह बहुत छोटा देश है। उसका क्षेत्रफल दिल्ली से भी आधा है और उस देश की कुल आबादी ही 35 लाख है। यदि वे अपने नागरिकों में अपने देश के प्रति सम्मान और प्रेम विकसित नहीं कर सके तो एक दिन उस देश का वजूद ही खतरे में पड़ जाएगा। यह भी गौर करने लायक बात है कि कक्षा 12 के बाद वहाँ के प्रत्येक छात्र को 2 वर्ष अनिवार्य रूप से सेना में सेवा करनी होती है।

— सिंगापुर की यात्रा —
लेखक - अक्षय कुमार दीक्षित

(क) सिंगापुर के लोगों ने भारतीय टोली को जी-भरकर शॉपिंग करने के लिए क्यों कहा?

(ख) प्राकृतिक संसाधनों के अभाव के बावजूद सिंगापुर इतना विकसित देश कैसे बन गया?

(ग) सिंगापुर के लोग भारतीयों को सम्मान की दृष्टि से देखते हैं। यह किन उदाहरणों से पता चलता है?

(घ) शब्दों के अर्थ लिखो:- किंवदंती, नुकसान, गौर करना, झिझक।

(अंतिम पृष्ठ-2)

Scanned with CamScanner
Scanned with CamScanner